Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to undertake renovation of Sabya Airport in Gopalganj district, Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : मेरे संसदीय क्षेत्र गोजालगंज में (हथुआ) सावेया हवाई अड्डा एक ऐसा हवाई अड्डा है जहां से 1962 में चीन से युद्ध लड़ा गया था जो बिहार में क्षेत्रफल की दृटि से सबसे बड़ा हवाई अड्डा है। यहां से चीन नेपाल का बार्डर भी करीब है। सारण प्रमंडल से खाड़ी देश में एवं विदेश में हजारों लोग रोजगार के लिए विदेश हवाई यात्रा करने हेतु दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता जाने के लिए मजबूर हैं तथा गोपालगंज एक ऐसा जिला है जहां से उ.प्र. करीब हैं। सावेया हवाई अड्डा निर्माण से सामरिक एवं आर्थिक दृटिकोण से भारत देश को काफी मजबूती मिलेगी। मैं यह बताना चाहूँगा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी जब खाड़ी देश के दौरे पर थे तो सारण प्रमंडल गोपालगंज के युवाओं से बात हुई थी। बात करते उन्होंने युवाओं को आश्वासन देते हुए कहा था कि मेरी सरकार आई तो गोपालगंज में (हथुआ) सावेया हवाई अड्डे का निर्माण होगा। यह 377 दूसरी बार मैं सदन में रख रहा हूँ। मैं स्थानीय सांसद होने के नाते भारत सरकार से एवं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय पी. गजपति राजू जी से प्रार्थना करता हूँ कि गोजालगंज जिला अति पिछड़े जिलों में से है। यहां पर इस हवाई अड्डे का जीर्णोद्धार कराया जाए।